>

Title: Need to develop road between Patiala and Haridwar via Pehowa as a four lane road.

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र) : माननीय सभापति महोदया, पटियाला से हरिद्वार (वाया पिहोवा, कुरुक्षेत्र, लाडवा, रादौर, यमुनानगर) तक सड़क की कुल लम्बाई लगभग 223 किलोमीटर है । इस सड़क का एक अहम हिस्सा पिहोवा से यमुनानगर तक मेरे संसदीय क्षेत्र में पड़ता है और ये मैंने खुद अनुभव किया है कि इस सड़क पर बहुत अधिक यातायात होने की वजह से समय-समय पर जानलेवा दुर्घटनाएं होती रहती हैं । इसके अलावा इस क्षेत्र के अधिकतर लोग किसान हैं, जिनके उत्पाद के लिए तीन चीनी की मिलें, पांच अनाज मंडी, पांच सब्जी मंडी व हरियाणा की सबसे बड़ी लक्कड़ मंडी हैं । उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए मेरी आपसे विनम्र प्रार्थना है कि पटियाला से हरिद्वार (वाया पिहोवा) मार्ग को विकसित करके चार लेनिंग करवाया जाए, ताकि इन राज्यों के नागरिकों को जाम व होने वाली दुर्घटनाओं से निजात मिल सके । …(व्यवधान)

माननीय सभापति : आपका भाषण समाप्त हो गया है ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : अब आप बैठ जाइए ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री छेदी पासवान जी ।

… (व्यवधान)